# 22 फरवरी को विशेष अभियान दिवस

## बीएलओ सुबह 10:30 से 1:30 तक दावे और आपत्तियां लेंगे : डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में अर्हता तिथि एक जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-विशेष अभियान दिवस के अवसर पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अन्तर्गत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने एवं नोटिस चरण में अपेक्षित प्रगति प्राप्त करने के उद्देश्य से 22 फरवरी को समस्त पदाभिहित स्थलों पर विशेष अभियान दिवस का आयोजन किया जाएगा।



उन्होंने बताया कि विशेष अभियान दिवस के इस मौके पर पदाभिहित स्थलों पर पदाभिहित अधिकारी (बूथ लेवल अधिकारी) पूर्वाह्न साढ़े दस बजे से अपराह्न डेढ़ बजे तक उपस्थिति सुनिश्चित कराएंगे और दावे और आपत्तियां प्राप्त करने इत्यादि की कार्यवाही करेंगे। उन्होंने उपर्युक्त निर्देशों के क्रम में समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों/अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, बूथ लेवल अधिकारियों एवं अन्य सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में दोपहर संचालित एसआईआर प्रक्रिया के अंतर्गत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए बोल रही थी। उन्होंने बताया कि अब तक जिला बिजनौर की आठों विधानसभा क्षेत्र में फार्म 6-104035, फॉर्म 7-3111 तथा फार्म 8-36373 की संख्या में भरे जा चुके हैं। उन्होंने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा युवतियों के फॉर्म 6 जरूर भरवाएं और कोई भी पात्र युवा अपना मत पत्र बनवाने से वंचित न रहे साथ ही दावे और आपत्तियों की सुनवाई के कार्य में अपेक्षित सहयोग प्रदान करने के लिए अपने-अपने बूथ लेवल अभिकर्ताओं को क्रियाशील करें ताकि एसआईआर के कार्य में तेजी के साथ-साथ पारदर्शिता भी बनी रहे।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, भाजपा से धीर सिंह, सपा से अखलाक अहमद उर्फ पप्पू, बसपा से मौहम्मद सिद्दीक तथा कांग्रेस पार्टी से अनिल त्यागी एवं काजी आतिफ मौजूद थे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार घायल



### घायल अवस्था में भाग दौड़ कर रहा युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना क्षेत्र के एनएच 74 पर आज शाम हादसा हो गया। ग्राम कौड़ीपुरा, थाना धामपुर निवासी 27 वर्षीय सौरभ पुत्र सुरेश किरतपुर से अपने घर जा रहा था। शाम चार बजे जैसे ही वह मंझेड़ा पुलिस चौकी के पास पहुंचा, तभी अचानक तीबड़ी ग्राम से निकलकर हाइवे पर पहुंची एक अन्य बाइक तेज गति से दौड़ रही उसकी बाइक में सामने से भिड़ गई। दोनों बाइकों की हुई जोरदार टक्कर में सौरभ गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि अन्य अज्ञात बाइक सवार मौके से फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस को सूचना दी। जिससे उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल बिजनौर रैफर कर दिया। बताया जा रहा है कि सौरभ की मां तीन दिन से बीमार है। जिसके उपचार के लिए उसे कल देहरादून ले जाना था। सौरभ के पिता का भी दो दिन पहले एक्सीडेंट हो गया था। लेकिन घायलावस्था में ही वह अपनी पत्नी के उपचार के लिए भागदौड़ कर रहा है।

## एक नजर

### विधायक ने कोतवाली व भनेड़ा को नगर पंचायत बनाने की मांग की



**नगीना।** विधायक मनोज पारस ने सदन में कोतवाली व भनेड़ा को नगर पंचायत बनाने का मुद्दा उठाया। विधानसभा सत्र के दौरान विधायक मनोज पारस ने कहा कि उनके विधान सभा क्षेत्र नगीना के अंतर्गत विकास खण्ड कोतवाली की ग्राम पंचायत कोतवाली देहात तथा विकास खण्ड किरतपुर की ग्राम पंचायत भनेडा दोनों गांवों की आबादी 2011 की जनगणना के अनुसार 20-20 हजार से भी अधिक है और ग्राम पंचायत होने के कारण इन दोनों गांवों का विकास नहीं हो रहा है। इसलिये उपरोक्त दोनों ग्राम पंचायतों को विकास की नई गति देने के लिए अविलंब नगर पंचायत बनाया जाना अत्यंत आवश्यक है।

### छात्र से मारपीट का आरोप



**स्योहारा।** नगर के मौहल्ला जाली वाला मंदिर निवासी गौरव वर्मा ने थाना स्योहारा में तहरीर देकर अपने पुत्र के साथ विद्यालय में मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है। मामले के अनुसार उनका पुत्र कुंज वर्मा कक्षा 4 का छात्र है और स्थानीय जानदीप पब्लिक स्कूल में पढ़ता है। तहरीर में पिता ने आरोप लगाया कि 16 फरवरी को विद्यालय की शिक्षिका प्रिया वर्मा ने बच्चे के साथ मारपीट की, जिससे उसे शारीरिक चोटें आईं और वह मानसिक रूप से भी आहत हुआ। परिजनों का कहना है कि 19 फरवरी को जब गौरव वर्मा शिकायत लेकर स्कूल पहुंचे तो शिक्षिका ने उनके साथ भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया तथा दोबारा बच्चे के साथ मारपीट करने की धमकी दी। पीड़ित पिता ने इसे गंभीर मामला बताते हुए संबंधित धाराओं में कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद अभिभावकों में भी चिंता और रोष का माहौल देखा जा रहा है।

### मासूम जोया ने रखा पहला रोजा



**स्योहारा।** पाक महीने रमजान की रहमतों के बीच नगर में उस समय भावुक और रूहानी माहौल बन गया, जब अमीन की मासूम बेटी जोया अमीन ने अपनी जिंदगी का पहला रोजा रखा। सुबह सहरी से ही जोया के चेहरे पर रोजा रखने की खुशी साफ झलक रही थी और पूरे दिन उसने मासूमियत के साथ सब्र का दामन थामे रखा। शाम को इफ्तार के वक्त अजान की सदा गूंजते ही जोया ने अपने नन्हे हाथ उठाकर मुल्क में अमन-चैन, आपसी भाईचारे और इंसानियत की भलाई के लिए दुआ मांगी। परिवार के लोगों ने इस खास पल को बेहद भावुक बताया और कहा कि नन्ही उम्र में जोया का यह जज्बा सभी के लिए प्रेरणादायक है। मासूम की सच्ची दुआओं से घर का माहौल भी रूहानियत से भर उठा।

### अलीना ने की अमन-चैन की दुआ



**स्योहारा।** रहमतों और बरकतों से भरे पाक महीने रमजान में स्योहारा नगर एक बेहद भावुक और दिल को छू लेने वाले लम्हे का गवाह बना। नगर के वरिष्ठ पत्रकार कामिल हसन उर्फ टिंकू की लाडली बेटी अलीना हसन ने अपनी जिंदगी का पहला रोजा रखकर अल्लाह की बारगाह में देश, कौम और तमाम इंसानियत की भलाई और अमन-चैन के लिए दुआएं मांगीं। नन्ही सी उम्र, मगर इरादे बुलंद। सहरी के वक्त ही अलीना के चेहरे पर रोजा रखने की खुशी साफ झलक रही थी। पूरे दिन उसने सब्र, शुकर और खुशी के साथ रोजा मुकम्मल किया। परिवार के लोगों ने बताया कि अलीना ने पूरे उत्साह और अदब के साथ इबादत की और रोजे की अहमियत को समझते हुए हर पल अल्लाह की याद में मग्न रही। इफ्तार के वक्त जैसे ही अजान की सदा गूंजी, अलीना हसन ने अपने नन्हे हाथ आसमान की ओर उठाए और मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे, तरक्की और खुशहाली की दुआ की। उस पल घर का माहौल बेहद रूहानी हो गया। परिवार के लोगों की आंखें नम हो गईं, जब अलीना ने मासूमियत से कहा मैंने सबके लिए दुआ की है। पहला रोजा हर बच्चे की जिंदगी में एक यादगार मुकाम होता है लेकिन अलीना का यह कदम इसलिए भी खास बन गया, क्योंकि उसकी दुआओं में खुद से पहले देश और इंसानियत शामिल थी। अल्लाह तआला इस मासूम की इबादत को कबूल फरमाए, उसे सेहत, कामयाबी और खुशियों से नवाजे।

## धर्म परिवर्तन की शिकायत पर मारपीट

**चांदपुर।** पुलिस अधीक्षक के नाम लिखे प्रार्थना पत्र में पीड़ित महिला ने लिखा कि मेरी शादी सलीम पुत्र इतेखार निवासी मौहल्ला काजीजादगान चांदपुर से हुयी थी। मेरा पति नाकारा किस्म का है। मेरे जेवर व घर का काफी सामान बेचकर खा गया। जैसे तैसे मैने स्कूल में पढ़ाकर तथा पिछले 3 वर्षो से तहसील चांदपुर में कार्य करके अपने तीन बच्चों का पालन पोषण करती हूं। ससुराल में रहने के दौरान नीतीश कुमार कौशिक नामक एक व्यक्ति मेरी देव. रानी के पास आता जाता रहा है। एक बार मैं रात में अपने बच्चों को तलाश करती हुई उसके कमरे में गई तो उक्त नीतीश नामक व्यक्ति जालीदार टोपी पहने नमाज सीखने की हालत में मिला तथा बाद में एक बार मेरा पति सलीम के साथ भी मेरे कमरे में आया। तब पता चला कि सलीम व उसकी भाभी व नीतीश कुमार ने धर्म परिवर्तन कराकर मुस्लिम बनाया बनाया हुआ है तथा उसका नाम जलाल रखा हुआ है। मेरे द्वारा इस कृत्य का कड़ा विरोध करते हुए कहा गया कि यह अवैध कृत्य नहीं होने दूंगी। मैंने आईजीआएस पोर्टल पर इस धर्म परिवर्तन करने व कराने की शिकायत कर दी। इसी बात को लेकर यह तीनों लोग मेरे साथ षड्यंत्र रचने लगे और कई बार बर्बतापूर्वक मेरे साथ मारपीट की गई। सलीम को चढ़ाने उकसाने के सम्बंध में इनके बातचीत की कुछ ऑडियो भी सलीम के माबाईल से मुझे मिली। जब मेरा पति सलीम द्वारा लगातार मुझे मारपीट व प्रताड़ित करने लगा तब मेरे द्वारा एसपी बिजनौर से शिकायत का प्रताड़ना सम्बंधी एक मुकदमा 17 जून 2025 को थाना चांदपुर मे पंजीकृत कराया गया तथा अपनी व अपने बच्चों की जान के खतरे के दृष्टिगत मैं अपने बच्चों के साथ किराये के मकान में रहने लगी। उक्त विवाद के चलते मेरा पति सलीम काफी समय से मेरे फोन के मैसेंजर पर मुझे अश्लील संदेश भेजता रहा, जिनमें कहा गया कि अगर उसकी बात नहीं मानी तो वायरल कर देगा।

# रमजान के पहले जुमे पर इबादत में डूबा स्योहारा

### नमाज-रोजे के साथ अमन और भाईचारे की दुआएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** मुकद्दस माह रमजान मुबारक के पहले रोजे का नगर में अकीदत और श्रद्धा के साथ आगाज हुआ। सहरी के बाद रोजेदारों ने रोजा रखकर अल्लाह की इबादत शुरू की और दिनभर सब्र नमाज तथा कुरआन की तिलावत में वक्त गुजारा। नगर की मस्जिदों और घरों में इबादत का माहौल देखने को मिला, जहां नमाजियों की अच्छी मौजूदगी रही।



शाम होते ही मौहल्लों में इफ्तार की तैयारियां शुरू हो गईं और रोजेदारों ने खजूर व पानी से रोजा खोलकर अल्लाह का शुक्र अदा किया। इफ्तार के बाद मस्जिदों में तरावीह की नमाज अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए और देर रात तक इबादत का सिलसिला चलता रहा। रोजेदारों ने अपनी और अपने परिवार की खुशहाली, तरक्की और सेहतमंदी की दुआ मांगने के साथ-साथ मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे और आपसी सौहार्द कायम रहने की भी दुआ की। बुजुर्गों ने बताया कि रमजान का महीना सब्र, नेकी, रहमत और जरूरतमंदों की मदद का संदेश देता है। इसलिए हर व्यक्ति को इस पवित्र माह में इबादत के साथ इंसानियत और सेवा के कार्यों को भी अपनाना चाहिए। रमजान के पहले दिन से ही नगर का माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक दिखाई देने लगा है। मस्जिदों की रौनक बढ़ गई है और घर-घर में इबादत तिलावत व दुआओं का सिलसिला जारी है, जिससे पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक सौहार्द का वातावरण बना हुआ है। मौके पर नन्हे मुन्ने बच्चों अमरीन, मेराज, मौहम्मद अनीक, जमाल, अनुशा फात्मा, जाफिया रहमान, मौहम्मद अनफ, मौहम्मद अरकम, अनुशा फात्मा, मौहम्मद अफजल, मौहम्मद अबुजर, मौहम्मद अरहान, मौहम्मद अरहम, पत्रकार इकबाल अंसारी, जायना रहमान, इनाया रहमान, सफीरा रहमान, उमरा, सुआलेह आदि ने अल्लाह की बारगाह में दोनों हाथ उठाकर दुआ की।

# पोस्टमार्टम के बाद सलमान सुपुर्द ए-खाक

### हत्यारोपी की गिरफ्तारी को पुलिस मार रही छापे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** गन्ना मिल के पक्का प्लाट में टोकन विवाद में हुई ट्रक चालक हत्या के मामले में शुक्रवार को असर की नमाज के बाद मृतक सलमान अली (26 वर्ष) पुत्र नसरुल्लाह निवासी मोहल्ला मुस्लिम चौधरियान को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। नम आंखों के बीच बड़ी संख्या में लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

गौरतलब है कि यह घटना एक दिन पूर्व गुरुवार रात करीब 9 बजे की है। बताया गया कि सलमान अली रोजा इफ्तार करने के बाद घर से यह कहकर निकले थे कि वह जल्दी गन्ना तुलवाकर लौट आएंगे और साथ में खाना खाएंगे लेकिन मिल परिसर में टोकन लेने को लेकर हुआ विवाद उनकी जिंदगी पर भारी पड़ गया। मिल में उस समय गन्ना उतारने के लिए ट्रकों की लंबी कतार लगी थी। इसी दौरान सलमान और ग्राम चकमहदूद सानी निवासी अजीम पुत्र यासीन के बीच टोकन पहले लेने को लेकर कहासुनी हो गई, जो देखते-ही-देखते हिंसक हो उठी। आरोप है कि अजीम ने अचानक किसी धारदार वस्तु से सलमान के सीने पर वार कर दिया और पेट सहित अन्य स्थानों पर भी प्रहार किए जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया। परिजन मौके पर पहुंचे और सलमान को उपचार के लिए ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मिल परिसर में अफरा-तफरी और तनाव की स्थिति बन गई, जिसके चलते एहतियातन पुलिस बल तैनात किया गया। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई स्थानों पर दबिश दी। इसी क्रम में पुलिस टीम आरोपी के घर भी पहुंची और परिजनों को चेतावनी दी कि यदि आरोपी शीघ्र हाजिर नहीं हुआ तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी, जिसमें मकान पर कार्रवाई की बात भी कही गई। घटना को लेकर नगर में चर्चाओं का माहौल बना हुआ है, जबकि पुलिस आरोपी की तलाश में लगातार प्रयास कर रही है।

# हादसे में घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत



### कार ने मारी थी स्कूटी सवार को टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए स्कूटी सवार व्यक्ति की उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। जबकि घायल स्कूटी चालक का बिजनौर में उपचार चल रहा है। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है और स्कूटी को टक्कर मारने वाली डिजायर कार को अपने कब्जे में ले लिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार कस्बा अफजलगढ़ के मौहल्ला नेजो सराय निवासी अब्दुल सत्तार पुत्र अब्दुल समद व ग्राम मानियावाला, थाना अफजलगढ़ निवासी मौहम्मद जाहिर पुत्र मौहम्मद ताहिर ने रेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम केहरीपुर जंगल में ठेके पर खेत ले रखे हैं। गुरुवार शाम लगभग चार बजे अफजलगढ़ निवासी अब्दुल सत्तार अपने साथी ग्राम मानियावाला निवासी मौहम्मद जाहिर के साथ स्कूटी से ग्राम केहरीपुर जंगल स्थित अपने खेतों पर जा रहे थे। इसी दौरान वादीगढ़ चौराहा-कल्लूवाला मार्ग पर कल्पना फार्म के निकट मोड़ पर सामने से आ रही डिजायर कार ने इनकी स्कूटी में टक्कर मार दी थी, जिसमें स्कूटी चालक अब्दुल सत्तार (62 वर्ष) निवासी मौहल्ला नेजो सराय, कस्बा अफजलगढ़ व उनके साथी मौहम्मद जाहिर (70 वर्ष) निवासी ग्राम मानियावाला, थाना अफजलगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए थे। 108 एम्बुलेंस ने दोनों घायलों को पीएचसी कासमपुर गढ़ी में भर्ती कराया था। जहां से मौहम्मद जाहिर को जिला अस्पताल बिजनौर के लिए रैफर कर दिया था। उपचार के दौरान बिजनौर में गुरुवार की देर शाम मौहम्मद जाहिर की जिला अस्पताल में मौत हो गई। जिससे उनके घर में कोहराम मच गया। आज शाम मगरिब की नमाज के बाद मौहम्मद जाहिर के शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। मृतक अपने पीछे पत्नी आयशा, पांच पुत्रों व तीन पुत्रियों को रोता बिलखता छोड़ गया है। थानाध्यक्ष राजीव वर्मा ने बताया कि स्कूटी को टक्कर मारने वाली डिजायर कार को कब्जे में ले लिया है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांदपुर ( बिजनौर )

पत्रांक:- 1060/ न.पा.परि.चांदपुर/नि.सू./ 2026 दिनांक :- 20 फरवरी, 2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना ( द्वारा ई-टेण्डर )**

समस्त ठेकेदारों/ फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद चांदपुर द्वारा नगरीय झील/ तालाब/ पोखर संरक्षण योजना, स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय 2.0) व 15वां वित्त आयोग बुनियादी अनुदान प्रथम किश्त व राज्य वित्त आयोग/ बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से 12 कार्यो को कराने हेतु दिनांक 21.02.2026 से समय प्रात: 10.00 बजे से दिनांक 07.03.2026 समय 06.00 बजे सायं तक www.etender.up.nic.in पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तें वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 21.02.2026 प्रात: 10.00 बजे से दिनांक 07.03.2026 तक सायं 06.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 07.03.2026 को सायं 06.00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर/दरे डाल सकते है। निविदाओं को दिनांक 09.03.2026 को समय 11:00 बजे दिन को खोला जायेगा।

| | |
|---|---|
| Tender Refrence Number | |
| Publish date and time for RFP | 21-02-2026 को प्रात: 10:00 बजे |
| Last date and time for submission of E-Tender | 07-03-2026 को सायं 06:00 बजे तक |
| Date and time of Opening Tender | 09-03-2026 को प्रात: 11:00 बजे से |
| Place of Opening E-Tender | Executive Officer Nagar Palika Parishad Chandpur (Bijnor) |
| E-Tender Security | 10% of Tender Value. |
| E-Tender Document processing | As per Tender List. |

नोट:- (1) निविदाकर्ता को निविदा के साथ प्रत्येक कार्य के सापेक्ष पृथक-पृथक 10 प्रतिशत धरोहर राशि राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर./एन.एस.सी./ डाकघर की बचत पासबुक अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, चांदपुर के नाम बंधक कराकर निविदा के साथ मूल प्रति से स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य है अथवा नगर पालिका परिषद, चांदपुर के भारतीय स्टेट बैंक शाखा चांदपुर में खाता संख्या 38989775664 (IFSC Code SBIN0001599) में आर.टी.जी.एस. के माध्यम से भी जमा कर सकते है।

**( कु. सलमा नूर हमीदी )** लेखाकार, अके.
**( अजय कुमार )** अवर अभियंता (सिविल)
**( कुनाल रस्तौगी ( I.A.S. ) )** अधिशासी अधिकारी/ ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट
**( जीनत परवीन )** अध्यक्ष


# मछली पकड़ते समय जाल में फंसा मगरमच्छ

**नांगल सोती।** क्षेत्र के ग्राम रायपुर खास उर्फ कोट सराय में मछली पकड़ने के दौरान एक विशालकाय मगरमच्छ जाल में फंस गया। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ को सुरक्षित बाहर निकालकर गंगा नदी में छोड़ दिया। इस घटना से गांव में हड़कंप मच गया। स्थानीय निवासी जयप्रकाश अपने तालाब में मछली पकड़ने के लिए जाल फैला रहे थे। तभी अचानक जाल में एक बड़ा मगरमच्छ फंस गया। भयभीत होकर जयप्रकाश ने ग्रामीणों को सूचना दी। कुछ ही मिनटों में गांव में बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए और मगरमच्छ को देखने के लिए तालाब के पास एकत्रित हो गए। सूचना पर वन दरोगा विकास कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम के सदस्य धूम सिंह और रमेश सिंह ने ग्रामीणों की मदद से मगरमच्छ को रस्सियों से बांधकर सुरक्षित रूप से पकड़ लिया। बांधने के बाद मगरमच्छ को ट्रैक्टर-ट्रॉली की मदद से गंगा नदी तक पहुंचाया गया। वहां उसे सुरक्षित रूप से नदी में छोड़ दिया।


**न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, बिजनौर**

प्र.वाद सं. 329/2025

**शिवानी बनाम आशू चौधरी**

धारा-147बी.एन.एस.एस.

थाना-हीमपुर

1.शिवानी आयु 33 वर्ष पुत्री सुरेन्द्र सिंह पत्नी आशू चौधरी निवासी ग्राम टूगरी, थाना हीमपुर दीपा, जिला बिजनौर। पिन कोड 246725 मो.नं. 6398302758

2. कु. साची उम्र 6 वर्ष पुत्री आशू चौधरी नाबालिग संरक्षिका माता शिवानी उपरोक्त।

**बनाम**

आशू चौधरी आयु 35 वर्ष पुत्र ब्रजपाल सिंह निवासी मौहल्ला सुभाषनगर, नजीबाबाद, थाना नजीबाबाद, जिला बिजनौर

मो.नं.- 8273980741

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 26/02/26 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्हे स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक:- 26.02.2026

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बिजनौर**



**तामील के लिये समन/नोटिस**

(आदेश 5 नियम 20)

(शीर्षक)

प्रेषिति

अली हसन पुत्र चव्वा निवासी ग्राम कोटकादर परगना बढ़ापुर, तहसील नगीना, जिला बिजनौर (नाम व पता) चूंकि

1-जाकिर शाकिर, 3-मौ. शाहिद, 4-मौ. ताहिर, 5-आसिफ, 6-आदिल, 7-आदिश पुत्रगण मुदारिक, 8-मौ. नवेद, 9-गुरफराज, 10-नवाजिश पुत्रगण मौ. नासिर, 11-सुहानी परवीन आयु लगभग 15 वर्ष नाबालिग पुत्री मौ. नासिर संरक्षिका सगी दादी लतीफन निवासीगण ग्राम मंशा परगना बढ़ापुर, तहसील नगीना, जिला बिजनौर। आपके विरूद्ध उपर्युक्त संस्थित वाद/प्रार्थना पत्र धारा 116 यू.पी.आर.सी. 2006 मौजा मंशा, परगना बढ़ापुर, तहसील नगीना, जिला बिजनौर के लिये दाखिल किया गया है। अत: आपको एतद्द्वारा स्वयं उपस्थित होने अथवा प्लीडर द्वारा इस न्यायालय में दिनांक 26/02/2026 को समय 10 बजे इसका उत्तर देने के लिये सम्मनित किये जाते है। जिसमें असफल होने पर वाद/प्रार्थना पत्र एक पक्षीय निस्तारित कर दिया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के अन्तर्गत आज दिनांक 13 मास 02 वर्ष 2026 को जारी किया गया।

नियत दिनांक:- 26.02.2026

**पेशकार**
**उपजिलाधिकारी नगीना**
**( न्यायिक )**



**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, ( जनपद बिजनौर )**

संख्या : 47/न.पा.परि.बि. /2025-26, दिनांक:-10-02-26

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-353 मौहल्ला मिर्दगान बी-10 बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री मौ. कदीर अहमद पुत्र बसीर के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में श्री मौ. शरीफ पुत्र श्री अब्दुल कादिर अंसारी निवासी मौहल्ला मिर्दगान बी-10, बिजनौर, को अंकित स्वामी के वारिसों द्वारा दानपत्र/अनापत्ति प्रमाण-पत्र, आवेदक के हक में किया है। आवेदक द्वारा दानपत्र/अनापत्ति प्रमाण-पत्र शपथ-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बंधित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# इज्जत के नाम पर भाई ने बहन को सुलाया मौत की नींद

**0 पुलिस ने शव पीएम को भेजा, सगे भाई को किया गिरफ्तार, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने पहुंचकर ली घटना की जानकारी, गांव में मचा हड़कम्प पसरा सन्नाटा**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** थाना असमोली क्षेत्र के गांव मतावली पटटी जग्गू में गुरुवार रात एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। घटना के बाद आरोपी भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मृतका की पहचान रुपजहां के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवती का गांव के ही एक युवक से परिचय था,जिसे लेकर परिवार में पिछले कुछ दिनों से तनाव चल रहा था। बुधवार को युवती घर से चली गई थी और बाद में थाने पहुंचकर स्वयं को बालिग बताते हुए अपनी मर्जी से रहने की बात कही थी। इसके बाद परिजन उसे समझाकर वापस घर ले आए थे। गुरुवार रात करीब नौ बजे घर में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। आरोप है कि इसी दौरान भाई जाने आलम ने गुस्से में आकर बहन का गला दबा दिया,जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी ने स्वयं पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मोहित चौधरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। जबकि फॉरेंसिक





**असमोली। इज्जत के नाम पर युवती को मौत की नींद सुलाने पर जांनकारी लेते अपर पुलिस अधीक्षक एवं घटना के बाद सूनी पड़ी गांव की गलियां।**

टीम ने साक्ष्य संकलित किए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। माना जा रहा है कि युवती को इज्जत के नाम पर ही मौत की नींद सुलाया गया है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है और गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है जिससे कि किसी प्रकार की अफवाह या तनाव की स्थिति न बने। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि आरोपी भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में पारिवारिक कारणों से घटना होना सामने आया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मामले में जो भी तथ्य सामने आएंगे,उनके अनुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उधर ऑनर किलिंग से गांव में हड़कम्प मचा हुआ है जबकि गांव की गलियां सूनी है। लोग सकते में हैं कि बहन को प्यार करने वाले भाई ने अपने ही हाथों से उसको मौत की नींद सुला दिया। फिलहाल पुलिस आरोपी भाई से पूछताछ कर रही है। जबकि पुलिस इस जांच के भी जुटी है कि बहन को भाई ने ही मौत के घाट उतारा है अथवा परिवार के किसी अन्य सदस्य का भी इसमें हाथ है क्या नहीं।

# यादव जी की लव स्टोरी बिगाड़ सकती है साम्प्रदायिक सौहार्द

**सपा नेता ने अम्बेडकर पार्क पर विरोध प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के नाम सौंपा ज्ञापन, राष्ट्रपति से प्रतिबंध लगाने की मांग**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** यादव जी की लव स्टोरी फिल्म प्रतिबंध लगाने की मांग निरंतर बढ़ती जा रही है। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में अम्बेडकर पार्क पर विरोधप्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खां ने कहा कि मौजूदा माहौल में अराजक तत्वों द्वारा अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए सामाजिक माहौल को खराब करने का काम किया जा रहा है। सोशल मीडिया के मायम से हम सबको ज्ञात हुआ है कि 'यादव जी की लव स्टोरी' नामक फिल्म निर्माता संदीप तोमर, निर्देशक अंकित भड़ाना, हीरोईन प्रख्रति तिवारी व हीरो विशाल मोहन द्वारा यह फिल्म बनाई जा रही है। इस फिल्म में दिखाये गए दृश्यों से मेरे व मेरे समुदाय के लोगों की भावनाएं आहत हो रही हैं। जबकि इससे समाज में भारी आक्रोश है। फिल्म में यादव समाज की लड़की और मुस्लिम समाज के लड़के की प्रेम कहानी काल्पनिक घटनाओं पर दर्शायी गई है। जिसका फिल्मांकन गलत व द्वेष भावना एवं राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति हेतु प्रस्तुत किया गया है, जो हमारी आस्था व संस्कृति व इतिहास को विकृत



**सम्भल। यादव जी लव स्टोरी के विरोध में प्रदर्शन करते सपा कार्यकर्ता।**

करती है। यह फिल्म समाज में नफरत फैला सकती है और सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ सकती है। ज्ञापन में महामहिम राष्ट्रपति से साम्पद्रायिक सौहार्द व आपसी भाईचारा बना रहे, किसी भी धर्म की भावना आहत न हो इसलिए यादव जी की लव स्टोरी फिल्म पर तत्काल प्रतिबन्ध लगाया जाने की मांग की। प्रदर्शन करने वालो में कारी हनीफ मौलाना कासिम बदरूल हसन महफूज जबर सिंह सलीम शान बिलाल खाँ मौलाना नासिर आरिफ खाँ गौरव यादव नफीस सैफी मोनिस कुरैशी गोरी पाशा मौलाना रशीद शारूख आदि मौजूद रहे।

## प्राकृतिक ओर जैविक खेती को दिया जाये बढ़ावा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला पर्यावरण समिति/जिला वृक्षारोपण समिति तथा जिला गंगा समिति की बैठक में अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट, प्लास्टिक अपशिष्ट, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधान, ई- वेस्ट प्रबंधन आदि पर चर्चा की गयी।

कलक्ट्रैट सभागार में आयोजित बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव ने बैठक से संबंधित विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं से मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया। बैठक में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा की प्लास्टिक एवं पॉलीथिन की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए अधिक से अधिक कागज और कपड़े के थैले को लेकर लोगों को जागरूक करें। इसके अलावा बायो मेडिकल वेस्ट को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने जानकारी ली और बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिए। बैठक में नमामि गंगे के अन्तर्गत गंगा ग्रामों के कार्यों की प्रगति, जिला सीमा के भीतर नदी में तरल और ठोस अपशिष्ट लाने वाले नालों की पहचान, अर्थ गंगा, प्राकृतिक/जैविक खेती को बढ़ावा, घाटों का रखरखाव पर भी चर्चा की गयी।

# बाइकों की भिड़ंत में हाईस्कूल के छात्र समेत दो की मौत

**0 मृतकों में परिवार का इकलौता हाई स्कूल की परीक्षा देने जा रहा था दीपक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमोली।** बोर्ड परीक्षा देने दो बाइकों की भिड़ंत हो गयी। आमने-सामने की टक्कर इतनी वीभत्स थी कि दो की मौत और तीन घायल हो गए।





जानकारी के अनुसार असमोली थाना क्षेत्र के ग्राम खेमपुर निवासी दीपक (17) पुत्र कमल सिंह अपने दो साथियों अभय शर्मा और विशाल के साथ बाइक से हाई स्कूल की परीक्षा देने चौधरी निहाल सिंह इंटर कालेज शाहपुर चमारान जा रहे थे। बाइक जैसे ही सैंधरी के पास पहुंची तभी सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर मिनजार (45) पुत्र मुख्तार निवासी ग्राम सिसौना थाना एचौड़ा कंबोह और उसका साथ सलमान पुत्र इस्लाम मुरादाबाद जा रहे थे। बाईकों की टक्कर से पांचो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को सी एच सी असमोली लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने दीपक पुत्र कमल सिंह मिनजार पुत्र मुखितयार मृत घोषित कर दिया। तथा तीनों घायलों को मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया। जिनका मुरादाबाद निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे में मौत की सूचना मिलते ही परिवार और गांव में हाहाकार मच गया मृतकों के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। अताया जा रहा है कि दीपक अपने परिवार में इकलौता बेटा था। असमोली थाना पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## गुरुद्वारे में सत्संग का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** ग्राम सैदपुर जसकौली के गुरुद्वारे में एक भव्य सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें पंजाब से आए दिलप्रीत और उनके साथियों ने गुरबाणी कीर्तन किया। इस अवसर पर कथावाचक गुरप्रीत सिंह ने कहा कि हमें परमात्मा ने जीवन ईश्वर प्राप्ति के लिए दिया है, और हमें काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार को वश में करके जीवन व्यतीत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें पूरी मनुष्य जाति को एक परिवार मानना चाहिए, और किसी का हक नहीं मारना चाहिए। रोज परमात्मा का नाम जपना चाहिए, और किसी भी गुरु मंत्र द्वारा जपे हरे राम, हरि ओम, वाहेगुरु की विधि से जपना चाहिए। इस विधि से जपने से मन शुद्व हो जाता है और शुद्व मन कोई गलत कार्य नहीं करता। इस अवसर पर सरदार जगजीत सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन खालसा, सरदार राजेंद्र सिंह, यशवीर सिंह, कुलदीप सिंह, प्रदीप चौधारी, कुलजीत सिंह, मनजीत कौर, अजय पाल सिंह, मनकोर, ओम प्रकाश सिंह और साधा संगत ने भाग लिया। सभी ने मिलकर लंगर छका और नाम जाप करने की प्रेरणा दी।

# वार्षिक निरीक्षण में जिलाधिकारी को सब मिला चाक चौबंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** तहसील, नगर पालिका और विकास खंड के वार्षिक निरीक्षण में जिलाधिकारी नगर पालिका परिषद में सफाई चाक चौबंद और फोटो गेलरी देखकर गदगद हो गए। जबकि कोतवाली में रजिस्टर और अन्य व्यवस्थायं नियमानुसार मिलने पर प्रभारी निरीक्षक की प्रशंसा की।

शुक्रवार को जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने तहसील सम्भल, विकासखण्ड सम्भल एवं नगर पालिका परिषद् सम्भल तथा कोतवाली सम्भल का वार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे। तहसील सम्भल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने रिकार्ड रुम का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जबकि न्यायालय नायब तहसीलदार का निरीक्षण किया लंबित वादों की पत्रवली को चेक किया।और पुराने दायरे के निस्तारण को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। मतदाता पंजीकरण केन्द्र एवं आईजीआरएस कक्ष का निरीक्षण में फार्म 6 के संबंध में जानकारी लेकर उप जिलाधिकारी कक्ष का निरीक्षण करते हुए कहा कि कानूनगो कोई भी धारा 30, धारा 02,34/35 आदि की रिपोर्ट





**सम्भल-नगर पालिका परिषद में आर्ट गैलरी को देखकर प्रसन्न होते डीएम व कोतवाली में अभिलेखों का निरीक्षण करते।**

30 दिन के अंदर भेजेंगे। विकासखण्ड कार्यालय सम्भल का निरीक्षण में विभिन्न पंजिकाओं को चेक किया तथा ग्राम गजेटियर की प्रगति के विषय में जानकारी ली। साथ ही अगर कोई ग्राम सचिव कार्य नहीं कर रहा है उस पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पीएम आवासग्रामीण एवं सीएम आवास ग्रामीण की जानकारी लेकर आईजीआरएस पटल का निरीक्षण किया। नगर पालिका परिषद सम्भल कार्यालय का निरीक्षण में वार्ड, सफाई कर्मचारियों के पद एवं तैनाती तथा अक्रियाशील वाहन , नगर में कचरा उठान को लेकर जानकारी लेकर अधिशासी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि नगरीय क्षेत्र के विद्यालयों को संतृप्त किया जाए। कांजी हाउस एवं ऑडिट आपत्तियों के बारे में जानकारी लेकर लंबित जन्म प्रमाण पत्र को लेकर निर्देशित करते हुए कहा कि सत्यापन सही हों। इसके अलावा नगर पालिका के सभागार एवं लेखा विभाग आदि को चेक किया और परिसर में पौधारोपण किया। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने कोतवाली सम्भल का निरीक्षण किया। थाना समाधान रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, चौकीदारों के पद, ग्राम अपराध रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर आदि चेक किये तथा शस्त्र लाइसेंस के संबंध में निर्गत लाईसेंस के अन्तर्गत कितने लोगों पर मुकदमा दर्ज हैं तथा कितने पाबंद हैं उनकी जानकारी लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यालय के सीसीटीवी कक्ष का निरीक्षण किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा सिंचाई विभाग कालोनी कनेटा रोड बहजोई स्थित सूचना विभाग में निर्माणाधीन पुस्तकालय कक्ष एवं कालोनी परिसर का निरीक्षण कर कालोनी के परिसर में सौन्दर्यीकरण के प्रस्ताव को लेकर जानकारी ली और कार्य में प्रगति न होने पर संबंधित अधिकारियों को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीओ कुलदीप कुमार मौजूद रहे।

# भाजपा की नींद हराम करेगा सम्भल: विनय रत्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन ने चुनावी तैयारियों को लेकर कहा कि वे चुनावी प्रचार के लिए सम्भल नहीं आए थे, बल्कि एक साथी के पेट्रोल पंप उद्घाटन के सिलसिले में आए थे। उन्होने कहा कि लेकिन जमीनी रिपोर्ट बेहद मजबूत है। आने वाले पंचायत और विधानसभा चुनावों में सम्भल बीजेपी की नींद हराम करने वाला है। विनय रतन ने दावा किया कि तमाम सरकारी दबावों के बावजूद भीम आर्मी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी निडर होकर जमीन पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संगठन की तैयारी बेहद मजबूत है। एआईएमआइएम नेता इम्तियाज जलील के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होने कटरवाद के हर रूप की आलोचना की। उन्होंने मोहन भागवत के बयानों का जिक्र करते हुए कहा कि देश में जातीय व्यवस्था इतनी मजबूत है कि एक ही बात अलग-अलग लोगों के कहने पर अलग प्रतिक्रिया होती है। उन्होंने घर वापसी जैसे बयानों को संविधान के आर्टिकल 25-26 के खिलाफ बताया और

**0पेट्रोल पम्प का उद्घाटन करने पहुंचे भीम आर्मी अध्यक्ष**

कहा कि वे डा. भीमराव आंबेडकर, अशफाक उल्ला खान, मौलाना अबुल कलाम आजाद और भगत सिंह की विचारधारा पर चलते हैं। यूजीसी को लेकर उन्होंने साफ कहा कि इसे हर हाल में लागू करना होगा। अगर सरकार पीछे हटी तो भीम आर्मी सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी।चुनावी गठबंधन पर उन्होंने कहा कि फैसला कमेटी लेगी, लेकिन अगर बीजेपी को हराना है तो बिना भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के यह संभव नहीं। अगर जरूरत पड़ी तो हम अकेले भी लड़ेंगे और 2027 में 100 से ज्यादा सीटें पार करेंगे। उन्होंने दावा किया। एप्स्टीन फाइल्स पर विनय रतन ने इसे निंदनीय बताया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी और देश के प्रधानमंत्री को इस पर

## रमजान के पहले जुमा पर मस्जिदें नमाजियों से भरी

**सम्भल ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** रमजान माह के पहले जुमे पर मस्जिदें भरी रही। हर छोटी बड़ी मस्जिदों में जुमा की नमाज अदा की गई। जबकि शाही जामा मस्जिद पर जुमा की नमाज इमाम आफताब हुसैन वारसी ने अदा कराकर देश दुनिया में अमनो-अमान व तरक्की की दुआ करायी।

# सांसद ने बबरला फाटक पर ओवरब्रिज बनाने को लिखा पत्र

**0 रेलमंत्री को पत्र भेजकर की मांग**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** लोकसभा क्षेत्र बदायूं के सांसद आदित्य यादव ने



बबराला-अनूपशहर मुख्य मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक संख्या 58 बी पर प्रतिदिन लगने वाले भीषण यातायात जाम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को विस्तृत पत्र लिखकर रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की मांग की है।

सांसद आदित्य यादव ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि विधानसभा क्षेत्र गुन्नौर के अंतर्गत आने वाला बबराला-अनूपशहर मार्ग क्षेत्र का प्रमुख एवं अत्यधिक व्यस्त संपर्क मार्ग है। इसी रास्ते से बड़ी संख्या में आम नागरिक, विद्यार्थी, किसान, व्यापारी और मरीज प्रतिदिन आवागमन करते हैं। मार्ग के दोनों ओर स्थित अनेक ग्रामों की रोजमर्रा की गतिविधियाँ, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और व्यापार इसी मार्ग पर निर्भर हैं। इस रेलवे फाटक संख्या 58-बी से प्रतिदिन 25-30 सवारी गाड़ियाँ एवं मालगा ड़ियाँ गुजरती हैं। ट्रेनों के आवागमन के दौरान फाटक लंबे समय तक बंद रहने से दोनों ओर कई-कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। इससे यात्रियों को समय की भारी हानि, ईंधन की बर्बादी और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार एम्बुलेंस एवं अग्निशमन वाहनों को भी जाम में फंसना पड़ता है, जिससे आपातकालीन सेवाएँ प्रभावित होती हैं।सांसद जी ने अपने पत्र में यह भी रेखांकित किया कि अलीगढ़-बरेली के मध्य डबल लाइन रेलवे परियोजना का कार्य प्रगति पर है। परियोजना पूर्ण होने के उपरांत इस रेल खंड पर ट्रेनों की संख्या में संभावित वृद्धि से फाटक पर जाम की स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। ऐसे में भविष्य की आवश्यकता को देखते हुए ओवरब्रिज का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। सांसद आदित्य यादव ने रेल मंत्री से जनहित को प्राथमिकता देते हुए रेलवे फाटक संख्या 58 बी पर ओवरब्रिज निर्माण हेतु आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि ओवरब्रिज बनने से क्षेत्र में निर्बाध, सुरक्षित एवं सुगम यातायात सुनिश्चित होगा, दुर्घटनाओं में कमी आएगी तथा गुन्नौर विधानसभा सहित आसपास के अनेक ग्रामों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

## एक नज़र इधर भी



**सम्भल-फिल यसदव जी की लव स्टोरी के विरोध में ज्ञापन देते यादव समाज।**

## यादव समाज ने दिया उपजिलाधिकारी को ज्ञापन

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** उपजिलाधिकारी गुन्नौर को यादव समाज के लोगों ने ज्ञापन दिया। गुन्नौर में शुक्रवार को उपजिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार को यादव जी की लव स्टोरी नामक फिल्म के निर्माता द्वारा बनाई गई फिल्म में सिर्फ यादव जाति की छवि खराब करने की नियत से इस फिल्म को उक्त नाम दिया है। इससे यादव समाज में आक्रोश हो रहा है और समाज की भावना आहत हो रही है। सरकार से यादव जाति की भावना को दृष्टिगत रखते हुए उक्त फिल्म यादव जी की लव स्टोरी पर तत्काल रोक लगाकर दोषियों के विरुद्व कार्यवाही की जाये। इस दौरान नरेन्द्र यादव अनिल यादव वीरेश यादव सतवीर सिंह विनोद राजकुमार विकास यादव अनिल यादव नितिन यादव पुनीत यादव शिवपाल यादव श्रीपाल संजू कृष्णपाल मनीराम ललित शिवपाल यादव आदि रहे।



**बबराला- स्वच्छता को जागरूक करते नगर पंचायत पति धमेन्द्र कुमार प्रजापति।**

## चेयरमैन पति ने स्वच्छता को किया जागरूक

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर पंचायत गुन्नौर चेयरमैन पति धर्मेंद्र कुमार प्रजापति ने वार्ड 10 में जाकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड के लोगों की समस्याओं को भी सुना। उन्होंने वार्ड में निर्माण कार्य को देखा। वार्ड के लोगों ने अपनी समस्याओं से उनको अवगत कराया। तब उन्होंने उनको समस्या निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने मोहल्ले वासियों से सफाई व्यवस्था कैसी चल रही है। लोगों को स्वच्छता रखने में सहयोग की अपील की। इस दौरान महीपाल सिंह, सचिन कुमार, राहुल कुमार आदि रहे।

# कैमिकल भरे ट्रक में भीषण आग

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** कूल की घास व कैमिकल की प्लास्टिक की कैनों से लदे ट्रक में आग लग गई। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जबकि धुंआ आसमान छूने लगा। सूचना पाकर पहुंची पुलिस और दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

बताया जाता है कि ग्राम महमूदपुर मालनी में कूलर बनाने का काम होता है। वहीं से सांय चार बजे यू पी 21 एफ टी 8228 ट्रक में घस व प्लास्टिक के ड्रमों को भरकर कस्बे की ओर जा रहा था। ड्रमों में कैमिकल होना बताया जा रहा है। ट्रक सम्भल-मुरादाबाद मार्ग पर आया तभी उसमें रखी घास व कैमिकल के ड्रमों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पाकर थाना गढ़ी प्रभारी सुधीर कुमार व चौकी प्रभारी मौ. शाह फैसल मौके पर पहुंचे और यातायात को एक ओर डायवर्ड किया। इसी बीच अग्निशमन दल के कर्मचरी पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया जा सकता था। आग लगने से घटना स्थल व आबाद वाली तिराहे से रेलवे क्रासिंग तक लोगों व वाहनों की भीड़ लग गई।



**सम्भल- कैमिकल से भरे ट्रम में लगी आग बुझाते दकमल कर्मी।**

# बेटी के विवाह को जमा रकम साइबर ठग ने उड़ाए

**0व्हाटसएप्प पर आरटीओ चालान फाइल पर क्लिक करते ही दो खातों से उडायी 1,94,876 की धनराशि**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** बेटी के हाथ पीले करने को जमा की गई राशि सइबर ठगों ने उड़ा ली। ठगी का शिकार पीड़ित ने कोतवाली के साइबर सेल में शिकायत दर्ज करायी।

नगर निवासी राम किशन ठकराल एक दिन पूर्व उन्हें किसी परिचित के मोबाइल नंबर से व्हाट्सऐप पर आरटीओ चालान नामक फाईल मिली। उन्होने यह समझकर कि संभवत: उनके नाम पर कोई चालान हो सकता है, उन्होंने अनजाने में उक्त फाइल पर क्लिक कर दिया। फाइल डाउनलोड होते ही उनका मोबाइल फोन हैक हो गया। 19 फरवरी की सुबह उनके कैनरा बैंक खाते से 5 ट्रांजेक्शन में 99,981 तथा पंजाब नेशनल बैंक खाते से 4 ट्रांजेक्शन में 94,895 की राशि यू पी आई के माध्यम से अज्ञात खातों में स्थानांतरित कर दी गई। सइबर ठग ने दोनों खातों से कुल 1,94,876 की धनराशि बिना किसी ओटीपी कॉल के खाते से निकाल ली। घटना की जानकारी राम किशन ठकराल को शाम के समय बैंक संदेश देखने पर हुई। तत्पश्चात उन्होंने तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। इसके अलावा उन्होंने कोतवाली पहुंचकर साइबर सेल में लिखित शिकायत भी दर्ज कराई। शिकायतकर्ता ने संबंधित दोषियों के विरुद्व कड़ी कानूनी कार्रवाई करने तथा खाते से चोरी हुई धनराशि शीघ्र वापस दिलाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि कुछ ही दिनों में उनकी पुत्री का विवाह निर्धारित है, जिसके कारण पूरा परिवार अत्यंत चिंतित और व्यथित है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री गौरीशंकर चौधरी ने व्यापारी वर्ग के साथ सभी नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अनजान या संदिग्ध ए पी के फाइल, लिंक या मैसेज पर क्लिक न करें और किसी को भी ओटीपी शेयर न करें एवं ऐसी किसी भी घटना की जानकारी तुरंत साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर दें।

## सामाजिक विज्ञान में 227 और अंग्रेजी में 239 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर



**कुन्दरकी।** ब्लॉक कुन्दरकी के 9 परीक्षा केंद्रों पर माध्यमिक शिक्षा परिषद् उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा में सुबह की पाली में हाईस्कूल के सामाजिक विज्ञान विषय में 227 और इण्टर अंग्रेजी विषय में 239 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बोर्ड परीक्षा के ब्लॉक नोडल अधिकारी लोकेश कुमार ने बताया कि हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान विषय में पंजीकृत 1797 बालकों में से 140 तथा 1996 बालिकाओं में से 87 गैरहाजिर रहे। सायंकाल पाली में इण्टर अंग्रेजी विषय में पंजीकृत 1709 बालकों में से 155 तथा 1390 बालिकाओं में से 84 अनुपस्थित रहीं। सभी नौ परीक्षा केंद्रों पर दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

## इंद्रियों को काबू में रखने का नाम है रोजा: सैय्यद जुनैद

**कुंदरकी।** नगर के खघ्तीबे अहले सुन्नत और मदरसा इस्लामिया अरबिया अहले सुन्नत बाबुल इल्म के सदर और नाजिमे आला हजरत सैय्यद जुनैद मियां ने तमामी हजारात को रमजान की मुबारकबाद देते हुए रमजान की फजीलत और बरकतें बयान की। उन्होंने बताया कि रमजान बहुत ही मुबारक अजमत भरा महीना है। उन्होंने बताया कि सिर्फ भूखे प्यासे रहने का नाम रोजा नहीं बल्कि बदन के हर



अज्वे को काबू में रखने का नाम रोजा है। रोजे की हालत में जुबान पर काबू हो जिससे बुरी बात न निकले, कान पर काबू इस तरह हो कि कान से बुरी बात सुनी न जाये, आंखों पर काबू इस तरह हो कि आंखों से गलत न देखे, हाथों पर ऐसा काबू हो कि हाथों से कोई बुरा काम न हो, पैरों पर ऐसा काबू हो कि पैरों से बुरे काम के लिए नहीं चला जाये।

रमजान की फजीलत के बारे में कहा कि अल्लाह का फरमान है कि रमजान मेरा महीना है जो इस माह में मेरी रजा के लिए रोजे रखेगा उसका अज्र मैं खुद दूंगा। अल्लाह के रसूल प्यारे नबी का फरमान है कि रमजान को अल्लाह ने तीन अशरों में बांटा है, जिसका पहला अशरा रहमत, दूसरा अशरा मगफिरत और तीसरा अशरा दोजख से आजादी का है। लिहाजा हमें चाहिए कि हम सब रमजान के महीने में अल्लाह की रजा के लिए रोजे रखें, नमाज पाबंदी से पढ़ें, कुरआन की तिलावत करें और नबी-ए-करीम पर दुरूद शरीफ का विर्द करें और अपने गुनाहों की माफी मांगें।

## माह-ए-रमजान के पहले जुमे पर मोमिनों ने खुदा की बारगाह में अकीदत से पढ़ी नमाज

कुंदरकी। मुस्लिम समाज ने रमजानुल मुबारक महीने के पहले जुमा की नमाज शुक्रवार को अकीदत और एहतराम से साथ अदा की।

मुस्लिम समाज ने रमजानुल मुबारक महीने के पहले जुम्मा की नमाज शुक्रवार को अकीदत और एहतराम से साथ अदा की। माह का पहला जुम्मा व रोजा होने के



कारण मोमीन अल सुबह से ही नमाज अदा करने की तैयारियों में जुट गए। जो दोपहर 12 बजे से रंग बिरंगे नए कपड़े पहन, खुशबूदार इत्र की महक से सरोबार होकर व सिर पर विभिन्न प्रकार की टोपी लगाकर मस्जिद के लिए निकले। नगर की सभी मस्जिदें मो. मिनों से लबरेज हो गई और पेश इमामों ने रमजानुल मुबा. रक महीने की फजीलत पर तकरीर पेश की।

रमजान उल मुबारक के इस विशेष महीने पर मोमिनों से खिताब करते हुए कहा की इस महीने में रोजा रखना, नमाज पढ़ना, गरीबों को उनका हक जकात के रूप में अदा करना और कुराने पाक की तिलावत करना चाहिए। यह महीना मोमिनों को खुशियां बांटने का महीना है। इस महीने में हर एक नेकी के बदले मोमिन को 70 नेकियों का शबाब मिलता है। वहीं मौलानाओ ने खुत्बा पढ़ा व मोमिनों ने जुम्मा की विशेष नमाज अदा कर देश प्रदेश में अमन चौन व खुशहाली की दुआएं मांगी गई। अंत में सलातो सलाम का नजराना पेश कर मोमिनों ने एक-दूसरे के गले मिल जुम्मा की मुबारकबाद दी बाजारों में भी भीड़ दिखाई दी इफ्तार का समान लोग दुकानों से खरीद दिखाई दिए बाजार भी गुले गुलजार रहे।

## स्थापना उत्सव के द्वितीय दिवस पर 31 हजार आहुतियां, निर्धन कन्या का कराया विवाह

**मुरादाबाद।** श्री राम बालाजी धाम बाबा नीब करौरी आश्रम ट्रस्ट के तत्वाधान में चल रहे बाबा नीब करौरी एकादश स्मृति एवं स्थापना उत्सव के द्वितीय दिवस पर भक्ति और सेवा का संगम देखने को मिला। काशी से पधारे आचार्य डॉ. घनश्याम त्रिपाठी के सान्निध्य में पंचकुंडीय महायज्ञ संपन्न हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने 31 हजार आहुतियां अर्पित कीं। साथ ही स्थापित की जाने वाली मूर्तियों का अन्नादिवास, पुष्पादिवास और शयनादिवास संस्कार विधि-विधान से किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत ट्रस्ट द्वारा निर्धन कन्या मिन्नी परिणय का विवाह रोहित के साथ वैदिक रीति-रिवाज से सम्पन्न कराया गया। नवविवाहित जोड़े को गृहस्थी का समस्त सामान, फर्नीचर, टीवी एवं आभूषण भेंट कर विदा किया गया।संध्या काल में माता की चौकी का आयोजन हुआ, जिसमें भजन गायक पंडित राजकुमार गोस्वामी व उनकी टीम ने भजनों की प्रस्तुति दी। शिव-पार्वती विवाह और मां काली की झांकियों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। ट्रस्ट अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि पांच दिवसीय उत्सव में प्रतिदिन विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी०डि० ) महोदय, मुरादाबाद।**
**सिविल वाद सं0-** 290/2025
**तारीख पेशी:** 02.04.2026
**श्रीमती गंगो देवी बनाम अमन कुमार आदि।**
**बनाम**
विपक्षी सं0 2-पवन कुमार सिंह पुत्र स्व. विजयपाल सिंह मकान नम्बर-478 खुशहालपुर तहसील व जिला मुरादाबाद।
चूंकि उपरिनामांकित वादनी के इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के माह 04 के 02 दिवस को 10. 00 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा। मेरे हस्तारक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 02 के 20 दिवस को निकाली गई।
**वाद लिपिक**
**न्यायालय सिविल जज ( सी०डि० ) मुरादाबाद।**

# आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त हो रही शिकायतों तथा जनता दर्शन के समय प्राप्त शिकायतों को आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज कराकर उनका समयबद्ध एवं सन्तोषजनक निस्तारण किये जाने के सम्बन्ध में बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत को स्पेशल क्लोज नही किया जायेगा। शिकायत प्राप्त होने के तुरन्त बाद उस पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, शिकायत कर्ता से सम्पर्क कर जियो टैग फोटो सहित आख्या अपलोड की जाए। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत को



पोर्टल पर अपलोड करने के उपरान्त निस्तारण कर मौके पर ही फीड बैक अवश्य लिया जाए। यदि किसी शिकायत में गहन जांच की आवश्यकता हो तो तुरन्त प्रभावी जांच टीम गठित कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। शिकायतों का निस्तारण करने से पूर्व शिकायत कर्ता से वार्ता अवश्य की जाये एवं शिकायत कर्ता को निस्तारण से अवगत भी कराया जाये। शिकायत के निस्तारण में अगर फील्ड सत्यापन की आवश्यकता हो तो फील्ड सत्यापन अवश्य किया जाये एवं स्थल का जियो टैग्ड फोटो तथा शिकायतकर्ता के बयान अंकित किये जाने के उपरान्त ही शिकायत का निस्तारण किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त अधिकारियों को आईजीआरएस पोर्टल प्रतिदिन स्वयं देखने के निर्देश दिये गये तथा समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायत की आख्या अधिकारी स्वयं के हस्ताक्षर से ही अपलोड करें।

बैठक में परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त स्वत: रोजगार एवं विकास भवन तथा विकास खण्डो से आये आईजीआरएस से सम्बन्धित कम्प्यूटर आपरेटरों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# रमजान के पहले जुमे की नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों में उमड़ी नमाजियों की भीड़

**ठाकुरद्वारा।** माहे रमजान के पहले जुमे की नमाज अदा की गई। नगर की तमाम मस्जिदो में जुमे की नमाज अदा करने के लिए नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। माहे रमजान पहला जुमा आया, जिससे अकीदतम. दों में अधिक उत्साह नजर आया। जुमे की नमाज के लिए मस्जिदों में विशेष प्रबंध किए गए। मस्जिद के इमामो ने खुतबे में रोजों की अहमियत के बारे में बताया ओर रोजे और नमाज की फजीलत पर तकरीर की। जुमे की नमाज को लेकर सुबह से ही लोग तैयारी में जुट गए थे। अजान सुनते ही लोग नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों की ओर चल पड़े। मस्जिद नमाजियों से खचाखच भरी नजर आई रमजान के पहले जुमे को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। मस्जिद में नमाज से पहले तकरीर में कहा कि रोजा रखने से हमारी सहनशक्ति और आत्मशक्ति बढ़ती है।

हम इच्छाओं पर काबू भी रखते हैं। अपने भीतर की बुराइयों को भी हमें त्यागना चाहिए और खुदा के बताए रास्ते पर चलना चाहिए। ने कुतबे में रमजान की फजीलत बयान की। कहा कि यह पहला अशरा है और रहमत का अशरा है। जब रमजान शुरू होता है तो अल्लाह की तरफ से निदा दी जाती है ऐ शख्स अल्लाह के पास आ जा। कहा कि मुसलमान इस्लाम के बताए हुए रास्ते पर चलें। उनकी तमाम मुसीबतें दूर हो जाएंगी। रमजान के रोजे रखना हर आकिल और बालिग पर फर्ज हैं। अगर एक रोजा भी बिना किसी परेशानी के छोड़ा जाए तो तमाम जिंदगी रोजे रखने से उसका बदला पूरा नहीं किया जा सकता। सिर्फ भूखा-प्यासा रहना ही रोजे का मकसद नहीं है। फज्र-ए-सादिक से गुरुब-ए-आफताब तक इबादत की नीयत से अल्लाह के लिए खाना, पीना से बाज आना रोजा है। झूठ, बुराई, चुगलखोरी समेत अन्य गुनाह, बुराइयों से अपने को बचाना, यह रोजे की रूह हैं। वही मोहल्ला ताली स्थित जामा मस्जिद में निर्धारित समय पर नमाज अदा कि गई तकरीर कर रहे मौलाना ने कहा रमजान का महीना शुरू होते ही अल्लाह पाक नेकियों भी 70 दर्जे बढ़ा देता है इस महीने में हमें चाहिए कि नमाज रोजे कि पाबंदी करनी चाहिए और गुनाहों का भी यही दर्जा है यदि गुनाह करने वाले को भी 70 दर्जे गुनाह मिलेगा हमे आपस में प्यार मोहब्बत से रहने चाहिए नफरतों को भुलाकर आपसी रिश्तों को मजबूत करें अल्लाह दुआ करे रहमत बरकत का यह महीना है। वही बाद ए नमाज मुल्क हिंदुस्तान के चेन अमन के लिया दुआ की।

## मुरादाबाद संभल राजमार्ग पर सड़क हादसे रोजबेज बस डिवाइडर पर चढ़ गई महिला आरक्षी सहित सात घायल



**कुंदरकी।** थाना मैनाठेर शुक्रबार की सुबह 7:30 बजे मुरादाबाद संभल राजमार्ग स्थित फरीदपुर के पास मुरादाबाद की दिशा से आ रही रोडवेज बस का संतुलन बिगड़ने पर बस डिवाइडर पर जा चढ़ी बस में सवार करीब साथ लोग महिला आरक्षी सहित घायल हो जाएं घायलों का उपचार मुरादाबाद अलग अलग अस्पतालो में चल रहा है। इस्पेक्टर किरन पाल सिंह का कहना है कि शुक्रवार की सुबह एक रोडवेज बस मुरादाबाद की दिशा से संभल जा रही थी रोडवेज बस डिवाइडर से टकराने की जानकारी प्राप्त हुई थी पुलिस टीम घटना पर पहुंची जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि बस में सवार महिला आरक्षी सहित सात लोग घायल हो गए एक गंभीर रूप से घायल है जिसका उपचार TMU हॉस्पिटल मुरादाबाद में चल रहा है।

अशरफी पांडे, पवन कुमार, विनोद कुमार, सुमन, संजय, मैनाठेर थाने में तैनात मीरा भाटी और अन्य लोग घायल है।

# आईएपटीएम के स्कूल ऑफ बायो टेक्नोलॉजी में हुआ 'भाषण प्रतियोगिता' का आयोजन



**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी द्वारा "रोल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन एडवांसमेंट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च" विषय पर एक "भाषण प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। इस प्रतियोगिता में बायोटेक्नोलॉजी विभाग के 12 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग जैसे कि ड्रग डिस्कवरी, जीनोमिक्स, हेल्थकेयर डायग्नोस्टिक्स एवं एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी के क्षेत्रों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के आधार पर एम.एससी, बायोटैक्नोलॉजी की छात्राओं वंशिका राजपूत ने प्रथम, इशिका गुप्ता ने द्वितीय एवं इफरा निगार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी की शिक्षिका डॉ. स्मृता सिंह एवं श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव रहीं। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. तंजील अहमद ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से बायोटेक्नोलॉजी अनुसंधान में हो रही प्रगति और संभावनाओं से अवगत कराना रहा। उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और बायोटेक्नोलॉजी का संयोजन भविष्य में शोध के नए आयाम स्थापित करेगा, इसलिए विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में कौशल विकास पर ध्यान देना चाहिए। इस दौरान स्कूल के विभागाध्यक्ष डॉ. स्वप्न कुमार श्रीवास्तव संयोजक एवं शिक्षक डॉ. उत्कर्ष त्यागी कार्यक्रम के आयोजन सचिव रहे।

कार्यक्रम के अंत में विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# मुरादाबाद में 26 फरवरी को टेट अनिवार्यता के विरोध में रैली और धरना-प्रदर्शन

**ठाकुरद्वारा।** प्रांतीय कार्यकारिणी उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के दिशा निर्देशन में ब्लॉक इकाई ठाकुरद्वारा की कार्य समिति तथा संघर्ष समिति की मीटिंग का आयोजन शुक्रवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट कमलापुरी खालसा में किया गया। मीटिंग को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष-डॉ नीरज शर्मा उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ मुरादाबाद ने कहा कि हम सबको विदित है सुप्रीम कोर्ट का 1 सितंबर 2026 को जो आदेश आया है जिसमें आरटीई एक्ट लागू करने से पूर्व कार्यरत शिक्षकों को भी पदोन्नति और सेवा में बने रहने के लिए टेट उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया है। उसी के संदर्भ में उपस्थित शिक्षक -शिक्षकाओं सावधान अवगत कराते हुए कहा कि संगठन द्वारा सुप्रीम कोर्ट में भी रिव्यू पिटीशन दाखिल की है तथा आगामी 22 जुलाई को दोपहर 2.00 बजे से 4.00 बजे तक ट्विटर हैंडल



पर जारी हैशटैग के साथ नोटेट-बिफोर आरटीई एक्ट का अभियान प्रदेश के समस्त शिक्षकों द्वारा चला जाएगा। डॉ नीरज शर्मा ने अपने संबोधन में बताया कि आगामी 26 फरवरी को टेट अनिवार्यता के विरोध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय से लेकर जिला अधिकारी मुरादाबाद के कार्यालय तक एक रैली और धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को टेट से छूट का ज्ञापन सोपा जाएगा। यह आंदोलन उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर आयोजित किया जाएगा। जिला मंत्री धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आगामी 23 फरवरी से 25 फरवरी तक तीन दिनों तक सभी शिक्षक काली पट्टी बांधकर विद्यालय नोटेट-बिफोर आरटीई एक्ट के विरोध में शिक्षण कार्य करेंगे क्योंकि अब शिक्षक के मान सम्मान और गरिमा की बात आ गई है इसलिए प्रदेश भर के सभी शिक्षक संगठन एक मंच पर एक साथ आगे की रणनीति और आंदोलन के लिए एकजुट हो गए हैं। ब्लॉक ठाकुरद्वारा के अध्यक्ष श्री वीर सिंह और मंत्री त्रिवेंद्र कुमार ने सभी शिक्षकों से 26 फरवरी 2026 को दोपहर 1.00 बजे से 4.00 बजे तक मुरादाबाद धरने में बढ़-चढ़कर चलने का आह्वान किया तथा सभी से ट्विटर डाउनलोड करके उस पर 22 फरवरी को चलाने वाले हैशटैग को लेकर ट्वीट करना और रिट्वीट करना का आवाहन किया और कहा कि यदि सरकार नहीं मानती है तो मार्च के तीसरे सप्ताह में दिल्ली में महारेली का आयोजन किया जाएगा। मीटिंग का संचालन नरेश चंचल ने किया तथा मीटिंग में तहसील प्रभारी अनुज चौहान, अशोक कुमार मंत्री,हरि सिंह, निक. श कुमार, अतुल प्रताप, भूरे खां, नरेंद्र कुमार,रिजवानुलहक, सुब्हान असद, राकेश कुमार, ओम प्रकाश सिंह, सुमित कुमार, मोनिका गहला. त, प्रतिमा मिश्रा, विनीत चौधरी, मिथिलेश कुमारी ,ममता कुमारी, विनीता आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## एक नजर

### पुलिस को बड़ी सफलता: 97 ग्राम चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को 97 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है।



आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज किया गया है। कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक रजत कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुंडो कॉलोनी के पास स्थित खाली पड़े खंडहर से करीब 100 कदम पहले संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक व्यक्ति को रोका। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 97 ग्राम चरस बरामद हुई।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मोहम्मद साहिल पुत्र नसीम अहमद, निवासी वार्ड नंबर 7, मोहल्ला जुलान, थाना जसपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखंड के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने मु0अ0सं0 041/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज की गई है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रजत कुमार , कांस्टेबल 1238 प्रविन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक विनय कुमार, पीआरडी राजेन्द्र सिंह तथा कांस्टेबल गौरव कुमार शामिल थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चरस बरामद कर ली है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह यह मादक पदार्थ कहां से लाया था और किसे सप्लाई करने वाला था।

### कोतवाली में आगामी त्यौहारों को लेकर डीजे संचालकों के साथ बैठक



**ठाकुरद्वारा।** आगामी प्रमुख त्योहारों होली और ईद-उल-फितर के मद्देनजर शुक्रवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज परमा ने डीजे संचालको के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्र के सभी डीजे संच. ालकों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक ने सभी डीजे संचालकों को शासन एवं पुलिस विभाग के आदेशों और निर्देशों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। उन्होंने त्योहारों के दौरान शांति एवं सद्भाव बनाए रखने पर विशेष बल दिया। इस दौरान डीजे संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों (डीजे) की आवाज निर्धारित सीमा से अधिक न हो। साथ ही, रात्रि में बजने वाले संगीत की समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। किसी भी प्रकार के अश्लील या धार्मिक भावनाएँ आहत करने वाले गीत बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की हिदायत दी गई।

प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि सभी त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाए जाएँ। उन्होंने डीजे संचालकों को सलाह दी कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### पुलिस ने किया वारंटी गिरफ्तार



**ठाकुरद्वारा।** मुरादाबाद पुलिस अधीक्षक (वरिष्ठ) मुरादाबाद के आद. ेशानुसार चलाए जा रहे एनबीडब्ल्यू/वारंटियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना ठाकुरद्वारा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने न्यायालय से फरार चल रहे थाना क्षेत्र के रहने वाले अभियुक्त इसरार पुत्र शराफत हुसैन को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त मोहल्ला फतेहउल्लागंज, वार्ड नंबर 15, मछली बाजार थाना ठाकुरद्वारा का निवासी है। अभियुक्त के खिलाफ अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय काशीपुर, जनपद उधम सिंह नगर, उत्तराखंड के न्यायालय से वारंट जारी हुआ था। यह वारंट भरण-पोषण (गुजारा भत्ता) के संदाय कराने के लिए कुर्की और विक्रय की कार्यवाही हेतु जारी किया गया था, जो धारा 144 बीएनएसएस के तहत दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनि. रीक्षक रजत कुमार और कांस्टेबल निशांत शामिल थे। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### जंगल में पशुओं का चारा लेने जा रही युबती के साथ पड़ोसी गांव के युवक ने की छेड़छाड़ प्राथमिकी दर्ज

**कुंदरकी।** बृहस्पतिवार की सुबह थाना क्षेत्र की एक हिंदू समुदाय की युबती अपने माता-पिता के पास जंगल जा रही थी पशुओं का चारा लेने के लिए माता-पिता पहले से ही जंगल में मौजूद थे तभी पड़ोस गांव के एक मुस्लिम समुदाय के युवक ने युबती के साथ अश्लील बातें करते हुए गलत नीयत से पकड़ लिया शोर मचाने पर युवक वहां से भाग गया पीड़िता नें घटना की जानकारी अपने माता-पिता को दी इसके बाद पीड़िता को लेकर थाने पहुंचे पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ प्राथमि की दर्ज जांच शुरू कर दी है।

## विधान परिषद में डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने उठाई मुरादाबाद में राजकीय मेडिकल कॉलेज की स्थापना की मांग

**मुरादाबाद।** एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने शुक्रवार को विधान परिषद में वर्ष 2026-27 के बजट सत्र का समर्थन करते हुए प्रदेश सरकार से मुरादाबाद के विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण मांगें उठाईं। उन्होंने सदन के माध्यम से मुरादाबाद में राजकीय मेडिकल कॉलेज की स्थापना की मांग करते हुए कहा कि इससे जिले और आसपास के क्षेत्रों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।उन्होंने मुरादाबाद महानगर के लाइनपार क्षेत्र में राजकीय कन्या महाविद्यालय खोले जाने की भी आवश्यकता जताई, ताकि बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए दूर न जाना पड़े। इसके साथ ही मुरादाबाद लोको शेड से प्रभात मार्केट तक एलिवेटेड रोड निर्माण की मांग रखते हुए कहा कि इससे यातायात व्यवस्था सुगम होगी और जाम की समस्या से राहत मिलेगी।डॉ. व्यस्त ने बजट में विकासोन्मुखी प्रावधानों की सराहना करते हुए बरेली में केंद्रीय विश्व विद्यालय की स्थापना की मांग भी रखी। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका के द्वारा दी गई।

